आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
बुधवार 19.08.2026
समय 1830

मुख्य समाचार :–

- उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन ने कहा– विकसित भारत के लिए वन संरक्षण और विकास में संतुलन जरूरी।
- प्रदेश में 104 स्वास्थ्य हेल्पलाइन पिछले एक दशक में स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी और लाभार्थियों की सक्रिय निगरानी का प्रभावी माध्यम बनी।
- उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद ने हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षाफल सुधार परीक्षा का परिणाम घोषित किया।
- रुद्रप्रयाग जिले में अस्थायी रूप से स्थगित मद्‌महेश्वर धाम यात्रा फिर से शुरू।

उपराष्ट्रपति

उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन ने कहा है कि वर्ष 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य में वन अधिकारियों की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि वन, वन्यजीव, जैव विविधता और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के साथ विकास को आगे बढ़ाना होगा। उपराष्ट्रपति आज देहरादून स्थित इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वन अकादमी में 2025–27 बैच के भारतीय वन सेवा के परिवीक्षाधीन अधिकारियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन, जंगलों की आग, मानव–वन्यजीव संघर्ष और जैव विविधता में कमी जैसी चुनौतियों से निपटने के लिए वैज्ञानिक वानिकी और आधुनिक तकनीकों का प्रभावी उपयोग जरूरी है। उन्होंने अधिकारियों से विकास और पर्यावरण संरक्षण के बीच संतुलन बनाने का आह्वान किया।
उपराष्ट्रपति ने आदिवासी और वन–निर्भर समुदायों को विकास की प्रक्रिया में साथ लेकर चलने तथा उनके पारंपरिक ज्ञान का सम्मान करने पर भी जोर दिया।

104 सेवा

उत्तराखंड में 104 स्वास्थ्य हेल्पलाइन पिछले एक दशक में स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी, शिकायत निवारण और लाभार्थियों की सक्रिय निगरानी का प्रभावी माध्यम बन गई है। स्वास्थ्य निदेशालय देहरादून स्थित 104 कॉल सेंटर, अब तक एक करोड़ 38 लाख से अधिक स्वास्थ्य संबंधी कॉल कर चुका है। यह व्यवस्था राज्य के सभी जिलों में 27 स्वास्थ्य सेवाओं और कार्यक्रमों के लाभार्थियों तक पहुंच बना रही है। 104 स्वास्थ्य हेल्पलाइन की सबसे बड़ी खासियत इसकी सक्रिय ट्रैकिंग प्रणाली है। राज्य के किसी भी जिले में स्वास्थ्य केंद्र या अस्पताल में मरीज के पंजीकरण के बाद संबंधित जानकारियां 104 कॉल सेंटर पहुंचाई जाती है। इसके बाद स्वास्थ्य संबंधी चुनौती से जूझ रहे लाभार्थी से नियमित रूप से संपर्क कर उसकी स्थिति की जानकारी ली जाती है। हेल्पलाइन के जरिए अस्पतालों में पंजीकृत मरीजों का नियमित फॉलोअप लिया जाता है। गर्भवती महिलाओं के प्रसव तक तथा बच्चों की करीब डेढ़ वर्ष तक टीकाकरण और स्वास्थ्य संबंधी निगरानी की जाती है। 104 कॉल सेंटर के माध्यम से आयुष्मान भारत, मातृ एवं बाल स्वास्थ्य, टीबी, डेंगू और एचआईवी सहित विभिन्न सेवाओं के लाभार्थियों को जानकारी और परामर्श भी दिया जाता है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उत्तराखंड में स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक सुलभ, पारदर्शी और जन–केंद्रित बनाना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा 104 हेल्पलाइन इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, जो केवल नागरिकों की समस्याओं का समाधान नहीं कर रही है, बल्कि लाभार्थियों तक स्वयं पहुंचकर उनकी स्वास्थ्य सेवाओं की निरंतर निगरानी और फॉलोअप भी सुनिश्चित कर रही है।

सड़क सुरक्षा

मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन की अध्यक्षता में आज सचिवालय में हुई सड़क सुरक्षा अनुश्रवण समिति की बैठक में सड़क दुर्घटनाओं, ब्लैक स्पॉट, रोड सेफ्टी ऑडिट और जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समितियों की समीक्षा की गई। मुख्य सचिव ने सड़क सुरक्षा व्यवस्था को और प्रभावी बनाने, दुर्घटनाओं के कारणों का वैज्ञानिक विश्लेषण कर सड़क डिजाइन करने, रोड ज्योमेट्री और तकनीकी खामियों को दूर करने के निर्देश दिए। उन्होंने ब्लैक स्पॉट और दुर्घटना संभावित स्थलों का रोड सेफ्टी व थर्ड पार्टी ऑडिट कराने तथा सुझावों पर समयबद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने दोपहिया वाहन चालकों और सवारियों के लिए हेलमेट का अनिवार्य उपयोग सुनिश्चित करने, यातायात नियमों के उल्लंघन पर कार्रवाई और बस अड्डों का नियमित सुरक्षा ऑडिट कराने को कहा। साथ ही, सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान को हर दो–तीन माह में व्यापक स्तर पर चलाने और प्रचार–प्रसार की वार्षिक योजना तैयार करने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने राहवीर योजना के प्रचार–प्रसार, हिट एंड रन के लंबित मामलों के शीघ्र निस्तारण और विद्यालयों में सड़क सुरक्षा क्लबों को सक्रिय करने पर भी जोर दिया।

परीक्षा सुधार परिणाम

उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद ने आज हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षाफल सुधार परीक्षा का परिणाम घोषित किया। हाईस्कूल में 83 दशमलव एक–तीन और इंटरमीडिएट में 73 दशमलव तीन–पांच प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। इसके साथ ही अब बोर्ड परीक्षा के कुल परीक्षा परिणामों के आंकड़ों में भी वृद्धि हुई है, जिसके तहत हाईस्कूल का कुल परीक्षाफल 92 दशमलव एक प्रतिशत से बढ़कर 96 दशमलव 0–7 फीसदी हो गया है। इसी तरह इंटरमीडिएट में भी उत्तीर्ण प्रतिशत में जबरदस्त उछाल आया है। पहले जहां 85 दशमलव 1–1 फीसदी छात्र–छात्राएं उत्तीर्ण हुई अब इनकी संख्या बढ़कर 91 दशमलव 8 प्रतिशत हो गई है।

शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने सभी सफल छात्र–छात्राओं को शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि परीक्षाफल सुधार परीक्षा उन छात्र–छात्राओं के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है, जो मुख्य बोर्ड परीक्षा में किसी विषय में अनुत्तीर्ण रहे हों या अपने अंकों में सुधार करना चाहते हों। इसके माध्यम से उन्हें अपनी मेहनत के बल पर बेहतर परिणाम प्राप्त करने का एक और अवसर मिलता है।

प्रतियोगिता

पिथौरागढ़ में आज सशस्त्र सीमा बल– एसएसबी की अंतर सीमांत बैडमिंटन क्लस्टर प्रतियोगिता शुरू हुई। चार दिनों तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में एसएसबी की आठ टीमें भाग ले रही हैं। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग राज्य मंत्री अजय टम्टा ने प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि इस तरह के खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन से सीमा की रक्षा करने वाले जवानों में जहां खेल भावना का विकास होता है, वहीं जीवन में नई ऊर्जा और उत्साह का संचालन भी होता है।

एसएसबी के महानिरीक्षक अमित कुमार ने बताया कि प्रतियोगिता में डीआईजी स्तर के अधिकारियों के साथ ही विभिन्न महिला अधिकारी भी बढ़–चढ़कर भाग ले रहीं हैं।

मद्महेश्वर यात्रा शुरू

रुद्रप्रयाग जिले में अस्थायी रूप से स्थगित मद्महेश्वर धाम यात्रा आज से फिर शुरू हो गई है। प्रशासन ने स्थलीय निरीक्षण और संबंधित विभागों की रिपोर्ट के आधार पर यात्रा संचालन की अनुमति दी है। यात्रियों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए ट्रॉली स्थल पर भीड़ नियंत्रण और कानून–व्यवस्था के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया है। यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा के लिए ट्रॉली संचालन का समय भी तय किया गया है। प्रशासन ने श्रद्धालुओं से सुरक्षा निर्देशों और संबंधित विभागों के दिशा–निर्देशों का पालन करते हुए यात्रा करने की अपील की है।